झांसी और आगरा के बीच रेलगाड़ी

1188 **श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि झांसी और आगरा के बीच एक शटल गाड़ी चलाये जाने की सार्वजनिक मांग बहुत पहले से चली आ रही है, और

(ख) यदि हां, तो गाड़ी अभी तक न चलाये जाने के क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) जी हां ।

(ख) झांसी और आगरा के बीच एक अतिरिक्त गाड़ी चलाना उस खण्ड पर अतिरिक्त लाइन क्षमता की कमी और आगरा में अपर्याप्त टर्मिनल सुविधाओं के कारण व्यावहारिक नहीं है ।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विलम्ब से चलना

1189. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस आमतौर पर ग्वालियर विलम्ब से पहुचती है,

(ख) क्या यह भी सच है कि इस गाड़ी के विलम्ब से पहुंचने के कारण ग्वालियर और मुरैना से जो कर्मचारी बड़ी संख्या में प्रति दिन काम करने के लिए आगरा जाते हैं वे ठीक समय पर अपने कार्यालय नहीं पहुच पाते; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में इन कर्मचारी यानियों से कोई अभ्यावेदन मिला है, यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) से (ग) दिल्ली तक आने वाली 137 छत्तीसगढ एक्सप्रेस का समयपालन सन्तोषजनक नहीं रहा है । इसके चालन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ।

Road Accidents

1190 SHRI SHANKER SINH VAGHELA : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) the number of road accidents in Delhi and the State capitals during each of the last 3 years, and the current year; and

(b) the reasons of a large number of accidents in India, steps taken in this regard and the results thereof ?

THE MINISTER OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT) : (a) The number of road accidents in Delhi and some State Capitals year-wise since 1983 are as under :—

Road Accidents during

Name of City	1983	1984	1985	1986 (Provisional)
Ahmedabad	2145	2461	2279	2617
Bangalore	4239	4931	4805	5148
Bombay	24868	25238	26759	27116
Calcutta	7839	7973	8108	N.A.
Delhi	5477	5809	6254	6547
Hyderabad	1330	1328	1493	N.A.
Jaipur	576	602	641	669
Lucknow	377	590	814	N.A.
Madras	6466	5790	5135	N.A.